पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने चान्सलर अवार्ड हेतु समिति का गठन किया

लखनऊ 17 फरवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति, श्री राम नाईक ने राज्य विश्वविद्यालयों को उत्कृष्टता के आधार पर श्रेणीबद्ध करने तथा 'चान्सलर अवार्ड' से सम्मानित करने के लिये एक समिति के गठन हेतु अपनी संस्तुति प्रदान कर दी है। समिति को अपनी संस्तुतियाँ तीन माह के अन्दर कुलाधिपति को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

समिति में प्रो0 जे0वी0 वैशम्पायन, कुलपति, प्रतिनिधि राज्य विश्वविद्यालय, डा0 एस0एल0 गोस्वामी, कुलपति प्रतिनिधि कृषि विश्वविद्यालय, प्रो0 रविकान्त, कुलपति, प्रतिनिधि चिकित्सा विश्वविद्यालय, प्रो0 ओंकार सिंह, कुलपति, प्रतिनिधि प्राद्योगिकी विश्वविद्यालय, प्रो0 एस0एस0 काटकर, कुलपति, प्रतिनिधि संगीत सम विश्वविद्यालय, डा0 ए0सी0 वाष्र्णेय, कुलपति, प्रतिनिधि पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा विभाग का प्रतिनिधि (विशेष सचिव स्तर) प्रतिनिधि उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन तथा प्रमुख सचिव, कुलाधिपति समिति संयोजक होंगी।

समिति द्वारा चान्सलर अवार्ड के मानकों का नैक/अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के आलोक में निर्धारण, विभिन्न मानकों हेतु अंकों का निर्धारण, विश्वविद्यालयों द्वारा शिक्षा, शोध, प्रसार आदि संबंधी सूचनायें प्रेषित करने हेतु प्रारूपों का निर्धारण, प्राप्त सूचनाओं के संलन एवं विश्लेषण के प्रारूपों एवं प्रक्रिया का निर्धारण, चान्सलर अवार्ड की बारम्बारता एवं प्रदान किये जाने वाली राशि/प्रशस्ति आदि का निर्धारण तथा अन्य कोई बिन्दु जिसे समिति उपयुक्त समझे पर विचार एवं निर्णय किया जायेगा।

ज्ञातव्य है कि विगत 9 जनवरी, 2016 को वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर में सम्पन्न कुलपति सम्मेलन में चान्सलर अवार्ड के लिये समिति गठित करने पर विचार किये जाने पर चर्चा हुई थी।

अंजुम/ललित/राजभवन(62/21)